महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांकः— 3020/कु0का0/2024 दिनांकः 27/02/2024

आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सम्बद्ध महाविद्यालय, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या 975/77—1—2022—156/2021 दिनांक 18 जुलाई, 2022 के अनुसार आगामी 05 वर्षों के लिए स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत निःशुल्क टैबलेट/स्मार्टफोन वितरित किया जाना निर्धारित किया गया है। प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजना लागू की गयी है, जिसके क्रम में महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ नोडल संस्था के रूप में कार्यरत है।

उक्त सन्दर्भ में महाविद्यालय को यह निर्देशित किया जाता है कि वे MS Excel शीट में सभी अपेक्षित विवरण निर्धारित प्रारूप में ठीक प्रकार से भरें। निर्धारित प्रारूप में विवरण भरे जाने के पश्चात पात्र छात्रों—छात्राओं का विवरण केवल एक बार अपलोड किया जाना है किसी भी दशा में किसी भी छात्र—छात्रा का विवरण एक बार से अधिक अपलोड न करें गलत विवरण भरे जाने व छात्र—छात्राओं का विवरण एक बार से अधिक अपलोड किये जाने की स्थिति में महाविद्यालय पूर्णता उत्तरदायी होंगे।

27.02.24

(विशेश्वर प्रसाद)

कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. प्राचार्य/प्राचार्या सम्बद्ध महाविद्यालय, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।
3. नोडल अधिकारी, डिजिशक्ति पोर्टल, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्याल, आजमगढ़।

कुलसचिव